भारत सरकार

अंतरिक्ष विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3328**

बुधवार, 23 मार्च, 2022 को उत्तर देने के लिए

**अंतरिक्ष में भारत के हितों का संरक्षण**

**3328. श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा:**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार अंतरिक्ष में भारत के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से एक समर्पित सैन्य बल स्थापित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो भारतीय उपग्रहों और कक्षा के आस-पास अन्य उपकरणों के संरक्षण के लिए वर्तमान उपबंध तथा अंतर्राष्ट्रीय समझौते क्या हैं?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय**

**तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :**

(क) एवं (ख)

भारत सरकार ने अंतरिक्ष विभाग के माध्यम से अंतरिक्ष परिवहन, अवसंरचना तथा अनुप्रयोग के क्षेत्रों में क्षमताओं का चौतरफा विकास करके अंतरिक्ष में भारत के हितों की रक्षा करने और उसका संवर्धन करने में पूर्व सक्रियता दिखाई है।

इसके अलावा, इसरो कक्षा में स्थित भारतीय उपग्रहों और अन्य उपकरणों के संरक्षण के लिए बाह्य अंतरिक्ष की दीर्घकालिक धारणीयता के लिए अंतरिक्ष मलबे की वृद्धि को कम करने हेतु सभी अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में सक्रियता से भागीदारी करता है।

इसरो अंतरिक्ष मलबा अध्ययन और अंतरिक्ष स्थितिजन्य जागरूकता में योगदान करने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय संगठनों – अंतर एजेंसी अंतरिक्ष मलबा समन्वय समिति (आई डी ए सी), आई ए एफ अंतरिक्ष मलबा कार्यकारी समूह, आई ए ए अंतरिक्ष यातायात प्रबंधन कार्यकारी समूह, आई एस ओ अंतरिक्ष मलबा कार्यकारी समूह तथा यू एन सी ओ पी यू ओ एस दीर्घावधि धारणीयता कार्यकारी समूह का एक सक्रिय सदस्य है।

***